# सृष्टि चक्र

ओं इत्येकाक्षरं ब्रह्म

ॐ हिरण्यगर्भः समवर्तताग्रे भूतस्य जातः पतिरेक आसीत्।
स दाधार पृथिवीं द्यामुतेमाम् कस्मै देवाय हविषा विधेम!

डी.ए.वी.पी. (भारत सरकार) द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

पंजीयन संख्या: UTTHIN/2006/17322
डाक पंजीयन संख्या: यू.ए./डी.ओ./दे.दून/291/.2024–26

वर्ष–20 अंक–07 | साप्ताहिक हरिद्वार (उत्तराखण्ड) | बृहस्पतिवार 17 जुलाई 2025 | पृष्ठ–4 मूल्य 1 रूपया


# सीएम धामी ने पीएम मोदी से नंदा राजजात, कुंभ, कॉरिडोर सहित विभिन्न योजनाओं के लिए मांग बजट

आलोक

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शिष्टाचार भेंट कर उत्तराखण्ड के विकास से संबंधित विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन प्राप्त किया। मुख्यमंत्री ने राज्य के विकास में सहयोग के लिए केंद्र सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में उत्तराखण्ड विकसित भारत 2047 के विजन में अपनी प्रभावी भूमिका निभाने को तत्पर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्व के 27 देशों द्वारा प्रधानमंत्री जी को अपने देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान प्रदान किए जाने से सभी भारतवासी गौरवान्वित हैं। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री जी को कार्तिक स्वामी मंदिर के प्रतिरूप और आदि कैलाश यात्रा पर कॉफ़ीटेबिल बुक के साथ ही उत्तराखण्ड के उत्पाद कनार (धारचूला) का घी, लाल (पुरोला) चावल, बासमती चावल, काला जीरा, गंध रैण, जम्बू और स्थानीय शहद भेंट किये। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से केदारनाथ धाम और बदरीनाथ धाम की भांति ही हरिद्वार



गंगा कॉरिडोर, ऋषिकेश गंगा कॉरिडोर और चम्पावत में शारदा कॉरिडोर के मास्टर प्लान के अनुरूप अवस्थापना विकास के लिए सीएसआर के माध्यम से वित्त पोषण के लिए संबंधित को निर्देशित करने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने उत्तराखण्ड के ऊधमसिंह नगर स्थित नेपा फार्म को सेमी कन्डक्टर हब के रूप में विकसित करने लिए सेमी कन्डक्टर उद्योग लगाए जाने, दिल्ली व मेरठ के मध्य रीजनल रैपिड ट्रान्जिट सिस्टम को हरिद्वार तक विस्तारित करने और टनकपुर–बागेश्वर व ऋषिकेश–उत्तरकाशी रेल परियोजनाओं में मार्ग निर्माण का प्रावधान भी शामिल किये जाने के लिए संबंधित मंत्रालयों को निर्देशित किये जाने का प्रधानमंत्री से आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को उत्तराखण्ड में वर्ष 2026 में होने जा रही नंदा राजजात यात्रा की जानकारी देते हुए कहा कि इसके संचालन के लिए व्यापक रूप से पर्यावरण अनुकूल अवस्थापना सुविधाएं विकसित की जानी हैं। मुख्यमंत्री ने अगस्त 2026 में आयोजित इस पर्वतीय महाकुंभ नंदा राजजात यात्रा के लिए प्रधानमंत्री जी को आमंत्रित किया और साथ ही यात्रा में अवस्थापना सुविधाएं सुनिश्चित किए जाने के लिए 400 करोड की धनराशि केंद्र से उपलब्ध कराए जाने का अनुरोध भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2027 में हरिद्वार में दिव्य और भव्य महाकुंभ का आयोजन किया जाना है। राज्य सरकार द्वारा इसकी तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। इसके सफल आयोजन के लिए हरिद्वार में पुलों की मरम्मत, पार्किंग, विद्युत, पेयजल, शौचालय, परिवहन, श्रद्धालुओं के लिए पैदल मार्ग सहित अन्य कार्य कराए जाने हैं। मुख्यमंत्री ने इसके लिए 3500 करोड रूपए की वित्तीय सहायता दिये जाने का अनुरोध किया।मुख्यमंत्री ने ऋषिकेश और हरिद्वार शहरों में एचटी व एलटी विद्युत लाईनों को भूमिगत करने के साथ ही विद्युत प्रणाली को स्वचालित करने के लिए उत्तराखण्ड सरकार द्वारा भेजी गई 1015 करोड की डीपीआर को आरडीएसएस योजना के अंतर्गत स्वीकृत किये जाने के लिए संबंधित को निर्देशित करने का भी अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऋषिकेश के निकट स्थित अनोखी धरोहर चौरासी कुटिया को अपने पुराने रूप में लाने के लिए राज्य सरकार प्रयासरत है। इसके लिए अपेक्षित धनराशि की व्यवस्था भी कर ली गई है। मुख्यमंत्री ने चौरासी कुटिया के प्रस्ताव का अनुमोदन राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड से कराए जाने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिम आधारित नदियों को वर्षा आधारित नदियों से जोडने के लिए प्रथम चरण में पिण्डर–कोसी लिंक परियोजना का प्रारम्भिक प्रस्ताव तैयार किया गया है। ग्लेशियर आधारित पिंडर नदी के पानी को वर्षा आधारित कोसी, गगास, गोमती व गरूड नदियों में मिलाया जाये तो बागेश्वर, अल्मोडा व नैनीताल जिलों के 625 गांवों की लगभग 2 लाख जनसंख्या पेयजल व सिंचाई से लाभान्वित होगी।

## स्प्रिंग एवं रिवर रिजुविनेशन अथॉरिटी योजना की समीक्षा बैठक हुई आयोजित

अमित कुमार

हरिद्वार। हरिद्वार में स्प्रिंग एवं रिवर रिजुविनेशन अथॉरिटी योजना की एक समीक्षा बैठक मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती आकांक्षा कोण्डे की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में वर्ष 2024–25 के लिए स्वीकृत कार्ययोजना की विभागवार और मदवार समीक्षा की गई। बैठक के दौरान, 1 करोड़ से अधिक की कार्ययोजना के लिए जारी धनराशि के संबंध में राजाजी टाइगर रिजर्व, एच.आर.डी.ए., और लघु सिंचाई विभाग को निर्देश दिए गए। इन विभागों को किए गए कार्यों के पहले और बाद के फोटोग्राफ के साथ–साथ उपयोगिता प्रमाण पत्र भी उपलब्ध कराने को कहा गया। खंड विकास अधिकारी रुड़की को क्रिटिकल गैप फंडिंग के तहत ?8.50 लाख की कार्ययोजना प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने लघु सिंचाई विभाग और उद्यान विभाग के अतिरिक्त सभी विभागों को वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए दिशानिर्देशों के अनुसार कार्ययोजना 7 दिनों के भीतर नोडल मुख्य कृषि अधिकारी, हरिद्वार को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त, 1 करोड़ तक की स्वीकृत कार्ययोजनाओं के लिए, अधिशासी अभियन्ता सिंचाई हरिद्वार/रुड़की को तालाबों के जीर्णोद्धार हेतु विभागीय अंश के लिए सीएसआर से धनराशि प्राप्त करने हेतु मुख्य कृषि अधिकारी हरिद्वार, महाप्रबन्धक जिला उद्योग केंद्र हरिद्वार से सम्पर्क करना होगा।

## बुजुर्ग, महिला, बच्चों, असहाय का शोषण तिरस्कार होगा दण्डनीयः डीएम

ए. गुप्ता

देहरादून। जिलाधिकारी सविन बंसल के सम्मुख 15 जुलाई को अजबपुर निवासी एक 72 वर्षीय बुजुर्ग महिला सरस्वती देवी ने अपनी गुहार लगाई कि पूर्ति विभाग उनका राशन देने में आनाकानी कर रहा है। बुजुर्ग सरस्वती ने जिलाधिकारी को बताया कि उनके 3 पुत्र हैं जो सभी अपने–अपने परिवार संग अलग–अलग रहते हैं। वह अपना गुजारा अपनी विधवा पेंशन से चलाती हैं। उन्होंने डीएम को बताया कि राशन डीलर पूर्ति विभाग की सूची में नाम न होने का कारण बताकर राशन नहीं दे रहा है, जबकि पूर्व में उसे राशन मिलता था। उसने डीएम से राशन दिलाने की गुहार लगाई। जिस पर डीएम ने पूर्ति अधिकारी



को तलब करते हुए तत्काल वस्तुस्थिति से अवगत कराने तथा महिला को राशन दिलाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी तक मामला पहुंचते ही पूर्ति विभाग के अधिकारी/ कार्मिकों के हाथ पांव फूल गए, कलेक्टेट की कलम चलने से पहले ही पूर्ति विभाग के अधिकारी/कार्मिक दौड़े–दौड़े बुजुर्ग महिला तक पहुंचे तथा बजुर्ग महिला का राशन कार्ड बहाल करते हुए उसी दिन 15 जुलाई को ही उनके कोटे का खाद्यान्न दिलाया। वहीं डीएम की सख्त चेतावनी है कि बुजुर्ग, महिला, बच्चों, असहाय का शोषण तिरस्कार होगा दण्डनीय है, इस प्रकार के मामले क्षम्य नही होंगे। जिलाधिकारी अपने कार्यालय कक्ष में प्रतिदिन जनमानस की समस्याएं सुनते हैं तथा उनका निस्तारण हेतु संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित करते हैं।



## सम्पादकीय

# पवित्र सावन

भारत में ऋतुओं का बहुत अधिक महत्व है। ऋतुओं के बदलने के साथ ही सर्दी, गर्मी और बरसात की शुरुआत होती है। देश में इस समय पवित्र सावन मास की शुरुआत हो चुकी है, तथा इसके साथ ही चार माह के चतुर्मास का भी आगमन हो चुका है। अभी हम अपना फोकस सावन मास पर ही करना चाहते हैं। सावन में एक तरफ जम्मू - कश्मीर में पवित्र अमरनाथ यात्रा अपने पूरे उत्साह से चल रही है। वहां पर श्रद्धालु पवित्र बर्फानी बाबा अर्थात बर्फ से निर्मित शिवलिंग के दर्शन करते हैं। तो वहीं दूसरी ओर गौमुख से निकलने वाली जीवन दायिनी मां गंगा का पवित्र जल विश्व प्रसिद्ध हरकी पैड़ी से भरकर श्रद्धालु अपनी-अपनी श्रद्धानुसार देश भर के शिवालयों में जल चढ़ाते हैं। सावन में इस समय चारों तरफ बोल बम, बम- बम भोले की धूम मची हुई है। देश भर के शिवालयों में सावन मास के प्रत्येक सोमवार को मनोकामना पूरी करने के लिए हर कोई जल चढ़ाता है। धर्म नगरी हरिद्वार इस समय कांवड़ यात्रा के लिए पूरी तरह से सज है। ऐसा लग रहा है कि करोड़ों भोले बाबा के भक्त बागपत जिले में स्थित पुरा महादेव मंदिर तक मां गंगा के समानांतर भक्ति के साथ ही श्रद्धा और आस्था का सागर बनाने को आतुर हैं। कांवड़ियों का यह जन सैलाब सनातन धर्म की धर्मध्वजा का सजीव चित्रण भारत में दिखाई दे रहा है। वैसे तो पुरा महादेव मंदिर का कांवड़ यात्रा के साथ ही भगवान परशुराम से जुड़ा पौराणिक महत्व का धार्मिक स्थान है। जिसमें साल भर भक्तों आना-जाना लगा रहता हैं परंतु श्रावण मास में तो पुरा महादेव मंदिर में आस्था का सागर हिलोरें मारता है। पवित्र पुरा महादेव मंदिर के बारे में एक कथा यह भी है कि भगवान परशुराम ने अपने पिता ऋषि जमदग्नि के कहने पर अपनी मां रेणुका का सिर काट दिया था और जब उन्हें अपनी गलती पर पश्चाताप हुआ तो उन्होंने देवों के देव महादेव की पूजा की। इसीलिए सावन मास को सबसे पवित्र महीना माना जाता है। हम भी बम-बम भोल बाबा के रंग में रच बस जाना चाहते हैं। अगर हम सभी को अपने जीवन को सफल सिद्ध करना है तो शिव की शरण में ही जाना पड़ेगा!

# दो माह में कार्य पूरा करने के सीडीओ ने दिए निर्देश

## आरसेटी भवन निर्माण



अमित कुमार

हरिद्वार। हरिद्वार में पिछले पांच वर्षों से लंबित ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) भवन निर्माण की समस्या के समाधान के लिए मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती आकांक्षा कोंडे की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। इस बैठक में परियोजना निदेशक, डीआरडीए कैलाश नाथ तिवारी, आरसेटी निदेशक राजन भारद्वाज, लीड बैंक मैनेजर डी.के. गुप्ता, और पीएनबी के स्टेट हेड विजय तिवारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे। आरसेटी निदेशक राजन भारद्वाज ने बताया कि भवन निर्माण का कार्य हिंदुस्तान प्री-फैब लिमिटेड द्वारा किया जा रहा था, लेकिन पिछले पांच वर्षों से यह रुका हुआ है और भवन अभी भी अधूरा है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि वर्तमान में भवन का पजेशन पीएनबी को मिल गया है और अब शेष बचे कार्य के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू की जाएगी। सीडीओ श्रीमती आकांक्षा कोंडे ने इस मामले पर गंभीरता दिखाते हुए कड़े निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी स्थिति में अगले दो महीने के भीतर भवन निर्माण का कार्य पूरा किया जाए। साथ ही, उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि वे समय-समय पर उन्हें कार्य प्रगति से अवगत कराते रहें। इस पहल से उम्मीद है कि आरसेटी भवन का निर्माण जल्द ही पूरा हो जाएगा, जिससे क्षेत्र में स्वरोजगार प्रशिक्षण कार्यक्रमों को गति मिल सकेगी।

# डीएम ने श्रद्धालुओं तथा जन सुविधाओं पर भी विशेष ध्यान रखने के दिए निर्देश

अमित कुमार

हरिद्वार। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित समय-समय पर स्वयं कर रहे कांवड मेला क्षेत्र का निरीक्षण कर ले रहे व्यवस्थाओं का जायज़ा ले रहे हैं। साथ ही वह कांवड़ियों के बीच पहुंच कर श्रद्धालुओं से सीधे वार्ता कर ले रहे व्यवस्थाओं की जानकारी ले रहे हैं। वर्तमान में कांवड मेला क्षेत्र प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं की कांवड़ियों द्वारा जमकर सराहना की जा रही है। वहीं दूसरी ओर डीएम मयूर दीक्षित ने ड्यूटी पर तैनात जवानों एवम् कर्मियों का हौसला अफजाई करते हुए कहा कि कांवड़ियों को किसी भी तरह की असुविधा न हो इसका भी सभी को ध्यान रखना होगा।

# सुरेश कुमार राजपूत उत्तराखंड व सुरेश कुमार छिल्लर दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष बने




## भाकियू (नैन) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जोगेंद्र घासीराम नैन ने नियुक्त किए 23प्रदेश अध्यक्ष

अमित कुमार

हरिद्वार। भारतीय किसान यूनियन (नैन) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जोगेंद्र घासीराम नैन ने कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए 23 राज्यों में प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए है। जिसमें सुरेश कुमार राजपूत को उत्तराखंड व कमल प्रकाश गुप्ता को उत्तर प्रदेश का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त करने के साथ ही राष्ट्रीय महासचिव का दायित्व भी सौंपा है। इसके अलावा सुरेश कुमार छिल्लर को दिल्ली, संतोष बिष्ट को हिमाचल प्रदेश, उर्मिला शर्मा को झारखंड, कमल सिंह बघेल को राष्ट्रीय सचिव, कालूराम जयपुरिया को दिल्ली और पंजाब का प्रभारी और अशोक शर्मा को संगठन का राष्ट्रीय सलाहकार नियुक्त किया है। प्रेस क्लब में पत्रकारों से वार्ता करते हुए चौधरी जोगेंद्र घासीराम नैन ने कहा कि किसान आंदोलन के बाद केंद्र सरकार ने फसल खरीद पर कमेटी बनाने की घोषणा की थी। लेकिन कमेटी में एक भी किसान को शामिल नहीं किया गया। आंदोलन के दौरान रेलवे और एनएचएआई द्वारा किसानों पर दर्ज कराए मुकदमे वापस लेने का वादा भी सरकार ने पूरा नहीं किया। उन्होंने आरोप लगाया कि लखीमपुर खीरी में किसानों की हत्या के बावजूद भी मुआवजा राशि नहीं दी गई। हत्या करने वाले आरोपियों के खिलाफ भी कार्रवाई नहीं की गई। आरोप लगाया कि पराली जलाने वाले किसानों पर केस दर्ज किया जा रहा है। लेकिन फैक्ट्रियों से निकलने वाले धुएं के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं जा रही है। उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कुमार राजपूत व दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष व उत्तराखंड प्रभारी सुरेश कुमार छिल्लर ने कहा कि वादे के अनुसार किसानों के बिजली बिल माफ करने के बजाए किसानों पर स्मार्ट मीटर थोपे जा रहे हैं। उन्होंने मांग की कि देश में किसानों को 300 यूनिट तक बिजली फ्री दी जाए। लंबित ट्यूबवेल कनेक्शन दिए जाए। प्रभावी फसल बीमा योजना लागू की जाए। किसानों का पूर्ण कर्ज माफ किया जाए। बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में उचित प्रबंध किए जाएं। नकली खाद और बीज बेचने वालों के खिलाफ सजा का प्रावधान किया जाए। किसानों को आवारा पशुओं से निजात दिलाई जाए। दिल्ली किसान आंदोलन में शहीद किसानों की याद में स्मारक बनाने के लिए जमीन उपलब्ध कराई जाए। तय समय पर किसानों को फसलों का भुगतान किया जाए। खेतों के ऊपर से हाइटेंशन तार लगाने का जायज मुआवजा दिया जाए।

# गुरु के बिना शिष्य का जीवन है दिशाहीन : आर.एस.विश्वकर्मा



केपीएस चौहान


हरिद्वार। शिव विहार स्थित श्री बालाजी मंदिर में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर मानव कल्याण के लिए अखंड रामायण पाठ, हवन तथा भण्डारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री राम भक्त बालाजी प्रार्थना धाम ट्रस्ट के संस्थापक ट्रस्टी आर एस विश्वकर्मा (गुरुजी) ने कहा कि गुरु शिष्य परंपरा भारत की अत्यंत प्राचीन प्रथा है। इस दिन शिष्य सभी बाधाएं पार कर गुरु से मिलकर आशीर्वाद लेने जरुर आता है। यह बड़ी प्रसन्नता का विषय है कि आधुनिक युग में भी शिष्य गुरु पूजन कर रहे हैं। इस अवसर पर उनके उत्तराधिकारी ओम प्रकाश ने कहा कि गुरु शिष्य परंपरा से सनातन धर्म का कल्याण होता आया है और भविष्य में भी होता रहेगा। ट्रस्ट अध्यक्ष कुशलपाल सिंह चौहान, एडवोकेट ने कहा कि श्री बालाजी एवं मां की कृपा से इस मंदिर में सभी भक्तों के कष्टों का निवारण प्रार्थना मात्र से ही हो रहा है। इस अवसर पर सैंकड़ों भक्तों ने गुरुजी आर एस विश्वकर्मा का तिलक कर आशीर्वाद प्राप्त किया। ट्रस्ट सचिव अविनाश कौशिक ने कहा कि गुरु के दिखाए मार्ग पर चलने से ही हमारा जीवन सफल होता है। इस अवसर पर ट्रस्टीगण डॉक्टर केपीएस चौहान, नरेंद्र ढल्ला, पवन धीमान , मुकेश जैन, विनोद कुमार चौहान, विनीत सैनी, मोतीलाल, अतुल चौहान, वैभव दत्ता, सीमा चौहान, विनीत चौहान, रामविलास कुशवाहा, प्रवीण चौहान, सुषमा चौहान, रमेश जुयाल, दीपक चौहान एवं गोपाल सिंह आदि उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री के निर्देश पर बनाया गया कांवड़ यात्रा मोबाइल एप

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का ग्रीन एण्ड क्लीन कांवड़ यात्रा का सपना हो रहा साकार
- कांवड़ियों द्वारा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी तथा जिला प्रशासन का किया गया आभार व्यक्त

अमित कुमार

हरिद्वार। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के आदेशों के अनुपालन में तथा जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देशन में कांवड़ यात्रा को स्वच्छ, सुन्दर व पर्यावरणीय अनुकूल बनाने के लिए विशेष पहल की गई है। जिसके अन्तर्गत कांवड़ यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओ को स्वच्छता व पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के साथ जिला प्रशासन द्वारा स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। ग्रीन एण्ड क्लीन कांवड़ यात्रा के सफल आयोजन हेतु अल्प समय में ही कांवड़ यात्रा मोबाइल एप का निर्माण भी किया गया है। की गई व्यवस्थाओं पर कांवड़ियों द्वारा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी तथा जिला प्रशासन का किया गया आभार व्यक्त। देश के विभिन्न कौनों से कांवड़ यात्रा पर हरिद्वार पहुँचने वाले शिव भक्तों एवं श्रद्धालुओं हेतु यात्रा मार्ग एवं कांवड़ मेला क्षेत्र में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के आदेशों के क्रम में जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देशन में जिला प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं यथा-पेयजल, शौचालय, स्नान, सफाई व्यवस्था, चिकित्सा सुविधा, विद्युत एवं प्रकाश व्यवस्था, पेयजल आदि व्यवस्थाओं की कांवड़ियों एवं श्रद्धालुओं द्वारा भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी तथा जिला प्रशासन का आभार व्यक्त



किया।

डीएम तथा एसएसपी स्वयं ले रहे पल-पल की खबर

कांवड़ यात्रा के सफलतापूर्वक आयोजन हेतु जिलाधिकारी मयूर दीक्षित तथा एसएसपी प्रमेन्द्र सिंह डोबाल द्वारा स्वयं विभिन्न क्षेत्रों का लगातार औचक निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं को परख के साथ ही विभिन्न माध्यमों से भी यात्रा मार्ग पर संचालित गतिविधियों पर पैनी नज़र रखते हुए पल-पल की खबर रखी जा रही है। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने बताया कि श्रावण मास में आयोजित होने वाली कांवड़ यात्रा का धार्मिक, आध्यत्मिक व सांस्कृतिक रूप से बहुत ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि कांवड़ मेले को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और सुचा रूप से संचालित करने एवं यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं की यात्रा को सरल, सुखद व सुरक्षित बनाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा विशेष इन्तजाम किये गये हैं। उन्होंने बताया कि यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं तथा जन-मानस की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए सुपर जोनल, जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों के साथ ही सम्बन्धित विभागों के कार्मिकों की ड्यूटी लगाई गई ताकि किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो और यदि फिर भी कोई समस्या उत्पन्न होती है तो उसका बहुत ही कम समय में त्वरित गति से समाधान किया जा सके।

रियल टाईम मोनीटरिंग की व्यवस्था

कांवड मेले को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और सुचा रूप से संचालित करने के लिए तीसरी आंख यानि सीसीटीवी कैमरो, ड्रोन आदि के माध्यम से 247 की तर्ज पर लगातार मोनीटरिंग की जा रही है। मेले के दौरान मोनीटरिंग हेतु सीसीआर में कन्ट्रोल रूम की स्थापना करते हुए पर्याप्त संख्या में कार्मिकों की तैनाती की गई है।

ग्रीन एण्ड क्लीन कांवड़ यात्रा हेतु सफाई एवं स्वच्छता व्यवस्था

कांवड़ यात्रा के दौरान नगर निगम क्षेत्र हरिद्वार में नगर निगम द्वारा 165० पर्यावरण मित्रों एवं सफाई कर्मचारियों की तैनाती के साथ ही 1० मुख्य सफाई निरीक्षकों की तैनाती की गई है जोकि प्रतिदिन 247 के आधार पर दिन-रात सफाई व्यवस्था में लगे हुए हैं। नगर निगम हरिद्वार द्वारा स्वच्छता हेतु 215 डस्टबिन लगाए गए हैं तथा कूड़े के उचित निस्तारण हेतु 9० वाहनों की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही 18० टिनशैड शौचालय, 58 सार्वजनिक शौचालय, ०8 स्मार्ट टायलेट, 4० मोबाइल टायलेट तथा 12० एफआरपी शौचालय (एफआरपी शौचालय ऐसे शौचालय होते हैं जोकि स्वच्छता आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। इन्हें उच्च स्वच्छता मानकों को सुनिश्चित करने और आरामदायक व कार्यात्मक अनुभव प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इनका आंतरिक भाग सौंदर्यपरक रूप से मनभावन है। प्रत्येक यूनिट में पानी की व्यवस्था, एक उचित सीवेज संग्रहण प्रणाली, और प्रकाश व्यवस्था आदि शामिल हैं। एफआरपी शौचालय एक विश्वसनीय और स्वच्छ समाधान प्रदान करते हैं) की व्यवस्था की गई है। कांवड़ यात्रा के दौरान जिला पंचायत द्वारा 19 स्थायी शौचालयों 7 चैंजिंग रूम तथा 6 अस्थायी शौचालय व 7 अस्थायी चैंजिंग रूम संचालित किये जा रहे हैं।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य व्यवस्था

कांवड़ यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए कांवड़ मेला क्षेत्र में 29 अस्थायी चिकित्सा शिविरों की व्यवस्था की गई है। जिसमें 89 चिकित्सकों, 117 फार्मेसिस्टों, तथा 15० अन्य पैरामेडिकल स्टाफ की तैनाती की गई है तथा समस्त मेला क्षेत्र में निजि व सरकारी कुल 66 एम्बुलेंस की व्यवस्था उपलब्ध है।

विद्युत एवं प्रकाश व्यवस्था

दिन-रात चलने वाली कांवड़ यात्रा मार्गो एवं पार्किंग स्थलों पर कांवड़ यात्रियों की सुरक्षा के दृष्टिगत प्रकाश एवं लाइट की व्यवस्था हेतु विभिन्न आवश्यकता वाले क्षेत्रों में 1०० जनरेटर के साथ ही 75०० स्ट्रीट लाइटों की व्यवस्था की गई है।

# जम्मू कश्मीर में भारती श्रमजीवी पत्रकार संघ आयोजित करेगा राष्ट्रीय सेमिनार



कोलकाता में जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री से भारती श्रमजीवी पत्रकार संघ की राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष की भेंट

ए. गुप्ता

कोलकाता। भारती श्रमजीवी पत्रकार संघ की राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सुश्री एस.एस. नसरीन ने कोलकाता में जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से भेंट की। इस दौरान सुश्री नसरीन ने जम्मू-कश्मीर में पत्रकारों के साथ हो रही घटनाओं पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री का ध्यान आकृष्ट कराया और राज्य में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष पत्रकारिता के लिए सरकार के सहयोग की अपील की। भेंट के दौरान सुश्री नसरीन ने उमर अब्दुल्ला से आग्रह किया कि जम्मू-कश्मीर में एक राष्ट्रीय स्तर का बड़ा पत्रकारिता पर केंद्रित सेमिनार आयोजित किया जाए, जिसमें विभिन्न राज्यों के पत्रकार भाग लें। इस आयोजन से न केवल पत्रकारिता को नई दिशा मिलेगी, बल्कि देशभर के पत्रकारों को जम्मू एवं कश्मीर की पर्यटन स्थलों की खूबसूरती को करीब से देखने और समझने का अवसर भी प्राप्त होगा। इस अवसर पर जम्मू-कश्मीर के मुख्य सचिव सहित कई विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। जिनमें विकास गुप्ता, ताहिर भट्ट, आरिफ लोन और अंसाउल हक प्रमुख रूप से शामिल रहे। चर्चा के दौरान पत्रकारों के हितों की सुरक्षा, उनके लिए प्रशिक्षण कार्यशालाओं के आयोजन तथा राज्य में मीडिया के अनुकूल वातावरण तैयार करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। भेंट के उपरांत सुश्री एस.एस. नसरीन ने बताया कि मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के साथ हुई बातचीत बेहद सकारात्मक और सार्थक रही। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस चर्चा के परिणामस्वरूप जम्मू-कश्मीर में पत्रकारों को और अधिक सुरक्षित और समर्थ वातावरण मिलेगा तथा भारती श्रमजीवी पत्रकार संघ के भविष्य के लिए भी यह पहल एक मील का पत्थर साबित होगी। डॉ. नवीन आनंद जोशी, राष्ट्रीय महासचिव, भारती श्रमजीवी पत्रकार संघ, नई दिल्ली ने इस मुलाकात को संगठन की दृष्टि से महत्वपूर्ण बताते हुए विश्वास व्यक्त किया कि इससे देशभर के पत्रकारों के बीच आपसी संवाद और सहयोग की नई राह खुलेगी तथा जम्मू-कश्मीर में पत्रकारिता को मजबूती मिलेगी।

# कांवड़ यात्रा से संबंधित जिलाधिकारी की अपील क्या-क्या करें



एस. गुप्ता

हरिद्वार। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने कांवड़ यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं से अपील करते हुए कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान पैदल कांवड़ यात्री निर्धारित रूट एवम् नहर पटरी (कांवड़ पटरी) का ही प्रयोग करें, पहचान पत्र (आधार, ड्राइविंग लाइसेंस आदि) अवश्य साथ रखें, वाहन निर्धारित पार्किंग स्थलों में ही खड़ा करें, वाहन में यात्रियों की सूची व यात्रा विवरण स्पष्ट रूप से चिपकाएं। जेबकतरों, उठाईगिरों व जहरखुरानी गिरोह से सतर्क रहें, अजनबी व्यक्तियों से कोई खाद्य पदार्थ न लें। केवल निर्धारित घाटों पर ही स्नान करें और गहरे पानी से बचें, कांवड़ को बीच सड़क पर न रखें बल्कि तय स्थानों पर ही रखें, रात्रि विश्राम केवल शिविरों या रैन बसेरों में करें, सड़क पर न रुकें। पुलिस प्रशासन कांवड़ यात्रियों की सहायता के लिए हैं, उनके दिशा-निर्देशों का पालन करें।

क्या-क्या न करें

जिलाधिकारी ने कांवड यात्रा के दौरान क्या-क्या न करें, इस विषय पर जानकारी देते हुए अपील की कि यात्रा में हॉकी, बेसबॉल, तलवार, भाला, लाठी-डंडा आदि हथियारनुमा वस्तुएं न लाएं। नशीले पदार्थों (शराब, चरस, गांजा, भांग आदि) का सेवन न करेंजुगाड़ वाहनों का प्रयोग न करें। पैदल कांवड़ की ऊँचाई 7 फीट, झांकी की ऊँचाई 12 फीट से अधिक न रखें। रेल की छतों पर यात्रा न करें और पुलों से छलांग लगाकर स्नान न करें यह जानलेवा हो सकता है। झूठी अफवाहों पर ध्यान न दें और न ही फैलाएं। संदिग्ध/लावारिस वस्तु दिखे तो न छुएं तुरंत पुलिस को सूचित करेंधार्मिक स्थलों की मर्यादा बनाए रखें और प्लास्टिक उत्पादों का प्रयोग न करें। मोटरसाइकिल से साइलेंसर हटाकर न चलाएं। किसी भी प्रकार के ज्वलनशील पदार्थ साथ न रखें।

# जन समस्याओं के निस्तारण में लापरवाही क्षम्य नहीं :डीएम

## सीएम हैल्पलाइन पर प्राप्त समस्याओं के धीमे निस्तारण पर जिला पंचायतराज अधिकारी को कारण बताओ नोटिस

वाणी

हरिद्वार। जनपदवासियों की समस्याओं के त्वरित निराकरण करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मयूर दीक्षित की अध्यक्षता में जिला कार्यालय सभागार में जन सुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया किया जा रहा है। आज आयोजित जनसुनवाई में विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों द्वारा जल भकार्यक्रमराव, पेयजल, अतिक्रमण, विद्युत, सड़क, राशन कार्ड आदि से संबंधित 28 समस्याएं दर्ज कराई गई। जिलाधिकारी द्वारा 15 समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया गया शेष समस्याओं को त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया। जनसुनवाई के दौरान प्रमुख समस्याओं में अंकुर मल्होत्रा ने शिवालिक नगर स्थित न्यू शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में आने जाने वाले मार्ग के दोनो ओर अवैध तरीके से खड़े खोखा-पटरी को हटाने, संदीप कुमार ने इकबालपुर गन्ना मिल पर गन्ने का बकाया का अब तक भुगतान न होने, रामलाल निवासी तहसील भगवानपुर ने पट्टे की भूमि छुड़वाने, उप प्रधान ज्ञानचंद ने ग्राम पंचायत खानपुर ब्रह्मपुर में सरकारी योजनाओं में भ्रष्टाचार को लेकर शिकायत की। संदीप कुमार निवासी ज्वालापुर ने अपने पुत्र का नाम राशन कार्ड में दर्ज कराने, रूपा गुप्ता ने अपने बच्चों के लिए स्कॉलरशिप दिलवाने, भारतीय किसान यूनियन ने राजकीय प्राथमिक विद्यालय इब्राहिमपुर में जर्जर भवन को सही करने को लेकर प्रार्थना पत्र दिया।



सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों की समीक्षा

इसके साथ ही जिलाधिकारी ने सीएम हैल्पलाइन पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों एवं समस्याओं की विभागवार समीक्षा के दौरान सीएम हैल्पलाइन पर प्राप्त समस्याओं के धीमे निस्तारण पर जिला पंचायतराज अधिकारी के खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने सीएम हैल्पलाइन पर प्राप्त समस्याओं के निस्तारण एवं कार्यों में हीलाहवाली करने वाले सभी सहायक विकास अधिकारियों (पंचायत) के खिलाफ नियमानुसार सख्ती से कार्यवाही करने के निर्देश जिला पंचायतराज अधिकारी को दिये। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि सीएम हैल्पलाइन तथा जन सुनवाई में प्राप्त शिकायतों के प्रभावी निस्तारण हेतु शिकायतकर्ताओं से वार्ता करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि जनता द्वारा जो भी समस्याएं दर्ज कराई जा रही है उन समस्याओं को त्वरित एवं समयबद्धता के साथ निराकरण करना सुनिश्चित करे। इसमें किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही एवं शिथिलता क्षम्य नहीं होगी और लापरवाही एवं शिथिलता बरतने वाले संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध सख्ती से करवाई सुनिश्चित की जाएगी।

यूसीसी पोर्टल पर विवाह पंजीकरण के निर्देश।

जिलाधिकारी ने यूसीसी पोर्टल की समीक्षा दौरान सभी अधिकारियों को निर्देश दिये कि यूसीसी के अन्तर्गत विवाह पंजीकरण सहित की गई विभिन्न व्यवस्थाओं की आवश्यकताओं के बारे में जनता को जागरूक करना सुनिश्चित करें तथा सभी पात्र व्यक्तियों का अनिवार्य रूप से विवाह पंजीकरण कराना सुनिश्चित करें।

कांवड़ मेला व्यवस्थाओं की ओनलाइन की समीक्षा

जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने कांवड़ यात्रा ड्यूटी पर तैनात सभी सुपर जोनल मजिस्ट्रेट से व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में जोनवार विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि सभी जोनल मजिस्ट्रेट क्षेत्र में तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों से सम्पर्क में रहें। किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न होने पर समस्या समाधान हेतु धरातल पर कार्य करने वाले व्यक्तियों से सीधे सम्पर्क करना सुनिश्चित करें ताकि समस्याओं के समाधान में अनावश्यक विलम्ब न हो। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को अपने-अपने विभाग से सम्बन्धित कार्यों को समय से अंजाम देते रहने के निर्देश दिये ताकि क्षेत्र में समस्या उत्पन्न न हो।

# मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से की भेंट



आलोक

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से उत्तराखण्ड में एम्स ऋषिकेश से संचालित एयर एम्बुलेंस सेवा के विस्तार के साथ ही राज्य के पहाड़ी और दुर्गम क्षेत्रों में आपातकालीन सेवाओं के लिए एक अतिरिक्त हेलीकॉप्टर उपलब्ध कराए जाने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री से आयुष्मान भारत योजना के तहत प्रति एसईसीसी परिवार केंद्रीय योगदान को 1,052 से बढ़ाकर ? 1,500 करने का आग्रह करने के साथ ही चार धाम यात्रा में एम्स के विशेषज्ञों के योगदान और स्नातकोत्तर डॉक्टरों के रेजिडेंसी में यात्रा ड्यूटी सम्मिलित करने के लिए आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में दो नए मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है। इसी क्रम में जगजीवन राम मेडिकल कॉलेज, पिथौरागढ़ और पं. राम सुमेर शुक्ल मेडिकल कॉलेज, रुद्रपुर, शैक्षणिक वर्ष 2026-27 से शिक्षण कार्य प्रारंभ करने के लिए नेशनल मेडिकल कमीशन/भारत सरकार के पास आवेदन करेंगे। मुख्यमंत्री ने इन दोनों मेडिकल कॉलेज के संचालन के लिए आवश्यक मंजूरी प्रदान करने के साथ ही टीएचडीसी (THDC) के सहयोग से निर्माणाधीन टिहरी मेडिकल कॉलेज की भी आवश्यक अनुमतियां शीघ्र प्रदान करने का अनुरोध किया।

# हरेला पर्व पर मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोण्डे ने किया वृक्षारोपण

वाणी

हरिद्वार। जिला मुख्यालय, विकास भवन और कलेक्ट्रेट के प्रांगण में मुख्य विकास अधिकारी (ष्टष्ठह्र) श्रीमती आकांक्षा कोण्डे ने हरेला पर्व के उपलक्ष्य में वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने समस्त जनपद वासियों को पर्यावरण संरक्षण का महत्वपूर्ण संदेश दिया। श्रीमती कोण्डे ने जनपद के नागरिकों से अपील की कि वे हरेला पर्व के महत्व को समझते हुए और पर्यावरण को स्वच्छ रखने की दिशा में अपना योगदान दें। उन्होंने जोर देकर कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने आसपास वृक्षारोपण करना चाहिए और पर्यावरण को हरा-भरा तथा प्रदूषण मुक्त बनाए रखने के लिए सक्रिय रूप से प्रयास करना चाहिए। उनका यह संदेश प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी और एक स्वस्थ भविष्य के निर्माण की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम था। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी वेद प्रकाश, वरिष्ठ व्यक्तिगत सहायक (सीडीओ) वीरेंद्र सिंह रावत, मुख्य कृषि अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, तथा अन्य कई अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर इस वृक्षारोपण अभियान में भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। यह आयोजन न केवल हरेला पर्व की परंपरा को आगे बढ़ाता है, बल्कि हरिद्वार जनपद में पर्यावरण जागरूकता और वृक्षारोपण के महत्व को भी रेखांकित करता है। यह पहल निश्चित रूप से जनपद वासियों को अधिक से अधिक पेड़ लगाने और अपने पर्यावरण को बेहतर बनाने के लिए प्रोत्साहित करेगी।

# सीएम धामी ने भगवान सूर्य की मूर्ति के जलाभिषेक के लिए कलश यात्रा का फ्लैग ऑफ किया

अमित कुमार

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री आवास देहरादून से कुशीनगर जनपद में भगवान सूर्य की मूर्ति के जलाभिषेक के लिए कलश यात्रा का फ्लैग ऑफ किया। कुशीनगर में सूर्य की मूर्ति के जलाभिषेक के लिए देश से लगभग 151 पवित्र नदियों का जल एकत्र किया जा रहा है। इसी क्रम में देवभूमि उत्तराखंड की पवित्र नदियों से एकत्रित जल की कलश यात्रा को मुख्यमंत्रीने रवाना किया। इस दौरान महामंडलेश्वर श्री 1008 डॉक्टर स्वामी संतोषानंद देव महाराज, पूर्वांचल महोत्सव समिति के अध्यक्ष विनय राय और समिति के सदस्यों मौजूद रहे।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक अमित कुमार ने गोल्डन टेम्पल प्रेस, पहाड़ी बाजार, कनखल, हरिद्वार, उत्तराखण्ड से मुद्रित तथा श्री श्याम कुटीर, 29ए, निर्मल विहार, मिश्रा गार्डन, कनखल, हरिद्वार-249408 उत्तराखण्ड से प्रकाशित किया।

सम्पादक
**अमित कुमार**
मो. 09412025557२

**E-mail.**
guptaamit1968@gmail.com
guptasaransh11@gmail.com

कानूनी सलाहकार
**के.पी.एस.चौहान**
(एडवोकेट)

**पंजीयन संख्या: UTTHIN/2006/17322**

**डाक पंजीयन संख्या यू.ए./डी.ओ. दे.दून/291/2024-26**

नोट:-समस्त विवादों के लिये हरिद्वार न्याय क्षेत्र ही मान्य होगा। सभी पद अवैतनिक है।